**Series HMJ/2**

**SET-3**

कोड नं.
Code No. **61/2/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **17 + 1** मानचित्र हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **17** printed pages + **1** Map. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **31** प्रश्न हैं । | (III) | Please check that this question paper contains **31** questions. |
| (IV) | कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें । | (IV) | Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it. |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# इतिहास

# HISTORY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पूरी तरह से पालन कीजिए :*

*(i)* *प्रश्न-पत्र में **पाँच** खण्ड हैं – **क, ख, ग, घ** और **ङ** । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **20** तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **एक शब्द** या **एक वाक्य** में दीजिए ।*

*(iii)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **21** से **24** तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **100** शब्दों में दीजिए ।*

*(iv)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **25** से **27** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **8** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **350** शब्दों में दीजिए ।*

*(v)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **28** से **30** तक स्रोत आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है ।*

*(vi)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **31** मानचित्र प्रश्न है, जिसमें महत्त्वपूर्ण परीक्षण मदों को पहचानना और स्थान अंकित करना शामिल है । मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी कीजिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होने चाहिए और साथ ही उपर्युक्त शब्द सीमा का यथासंभव पालन कीजिए ।*

*(viii)* *कोई समग्र विकल्प नहीं है । तथापि, एक-एक अंक के **दो** प्रश्नों में, तीन-तीन अंकों के **एक** प्रश्न में, आठ-आठ अंकों के **तीन** प्रश्नों में और मानचित्र प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिया गया है । ऐसे प्रश्नों में केवल एक ही विकल्प का उत्तर दीजिए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

StudentSuvidha.com
downloaded from

## खण्ड क *1×20=20*

**1.** निम्नलिखित वर्गों में से कौन-सा एक चार वर्णों के ब्राह्मणीय निर्धारण में ***नहीं*** आता है ? *1*

(A) ब्राह्मण

(B) क्षत्रिय

(C) निषाद

(D) वैश्य



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

### *General Instructions :*

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper comprises **five** sections – **A**, **B**, **C**, **D** and **E**. **All** questions are compulsory.*

*(ii)* ***Section A** – Questions number **1** to **20** are very short-answer type questions, carrying **1** mark each. They are required to be answered in **one word** or **one sentence** each.*

*(iii)* ***Section B** – Questions number **21** to **24** are short-answer type questions, carrying **3** marks each. Answers to each of them should not exceed **100** words.*

*(iv)* ***Section C** – Questions number **25** to **27** are long-answer type questions, carrying **8** marks each. Answers to each of them should not exceed **350** words.*

*(v)* ***Section D** – Questions number **28** to **30** are source based questions, carrying **6** marks each.*

*(vi)* ***Section E** – Question number **31** is a map question that includes identification and location of significant test items. Attach the map with the answer-book.*

*(vii)* *Answers should be brief and to the point also the above word limit be adhered to as far as possible.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **2** questions of one mark, **1** question of three marks, **3** questions of eight marks and the map question. You have to attempt only one of the choices in such questions.*

*(ix)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

downloaded from StudentSuvidha.com

## SECTION A *1×20=20*

**1.** Which one of the following categories is ***not*** supposed to have belonged to the Brahmanical prescription of four varnas ? *1*

(A) Brahmanas

(B) Kshatriyas

(C) Nishadas

(D) Vaishyas



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**2.** नीचे दी गई मूर्ति को पहचानिए और उसका सही नाम लिखिए : *1*



**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. 2 के स्थान पर हैं :*

बौद्ध लोक परंपरा के अनुसार यह पाया जाता है कि किसी स्त्री द्वारा छुए जाने से वृक्षों में फूल खिल उठते थे और फल आने लगते थे, जिसे कहा जाता था __________ । *1*

**3.** हड़प्पा संस्कृति में शिल्प उत्पादन केन्द्रों की पहचान के संबंध में निम्नलिखित कथनों का अध्ययन कीजिए :

I. पुरातत्त्वविद् कच्चा माल जैसे – प्रस्तर पिंड, ताँबा-अयस्क, शंख आदि को खोजते हैं ।

II. वे मृदा की संरचना का अध्ययन करते हैं ।

III. वे अपूर्ण वस्तुएँ, त्याग दिया गया माल और कूड़ा-करकट पाते हैं ।

IV. उन्होंने मृदाओं के रासायनिक विश्लेषण के प्रयास किए ।

शिल्प उत्पादन केन्द्रों की पहचान के लिए ऊपर दिए गए कारणों में से कौन-से सही हैं ? *1*

(A) I और II
(B) II और III
(C) I और III
(D) III और IV



downloaded from StudentSuvidha.com
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**2.** Identify the following image and write its appropriate name : *1*



***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Q. No. 2 :*

According to popular belief in Buddhism, a woman whose touch caused trees to flower and bear fruit was called _________. *1*

**3.** Study the following statements regarding the identification of centres of craft production in Harappan culture :

I. Archaeologists look for raw materials such as stone nodules, copper ore, shells, etc.

II. They study the soil texture.

III. They find unfinished objects, rejects and waste material.

IV. They try to have chemical analysis of the soils.

Which of the above are correct reasons for identifying centres of craft production ? *1*

(A) I and II

(B) II and III

(C) I and III

(D) III and IV



downloaded from StudentSuvidha.com
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

4. फ्रांसीसी साँची स्तूप के पूर्वी तोरण द्वार को फ्रांस ले जाने के लिए क्यों बहुत उत्सुक थे ? *1*

**अथवा**

स्तूप क्यों प्रतिष्ठित थे ? *1*

5. बोधिसत्ता की संकल्पना को परिभाषित कीजिए । *1*

6. वैष्णववाद और शैववाद में अन्तर स्पष्ट कीजिए । *1*

7. हड़प्पा के नगरों का सबसे अनूठा पहलू था __________ का विकास । *1*

8. आप किस प्रकार सोचते हैं कि फ्रांस्वा बर्नियर मुग़ल दरबार से नज़दीकी से जुड़ा रहा ? *1*

9. अभिलेखीय साक्ष्यों के अनुसार, निम्नलिखित में से विजयनगर साम्राज्य की स्थापना किसने की थी ? *1*

(A) दक्कन के सुलतान
(B) उड़ीसा के गजपती शासक
(C) हरिहर और बुक्का
(D) तमिलनाडु के चोल

10. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

I. कृष्णदेव राय के शासन की चारित्रिक विशेषता विस्तार और दृढ़ीकरण थी ।
II. उसके साम्राज्य में शान्ति और सम्पन्नता थी ।
III. कुछ भव्य मंदिरों का निर्माण करने का श्रेय उसे जाता है ।
IV. वह संगम राजवंश से संबंधित था ।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन-से कृष्णदेव राय से संबंधित हैं ? *1*

(A) केवल I
(B) I, II और III
(C) II, III और IV
(D) I, III और IV

11. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा अकबर के संबंध में सही ***नहीं*** है ? *1*

(A) अकबर शेख मुइनुद्दीन चिश्ती का भक्त था ।
(B) अकबर ने अपने साम्राज्य का विस्तार किया और उसे सुदृढ़ बनाया ।
(C) अपने धार्मिक ज्ञान के लिए उसने इबादत खाना का निर्माण कराया ।
(D) कंधार को लेकर उसके सफ़ाविदों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध थे ।

12. इब्राहिम लोधी की राजधानी का नाम लिखिए, जिस पर 1526 में बाबर ने अधिकार कर लिया था । *1*

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

4. Why were the French keen to take away the eastern gateway of Sanchi Stupa to France ? *1*

**OR**

Why were the Stupas venerated ? *1*

5. Define the concept of Bodhisatta. *1*

6. Differentiate between Vaishnavism and Shaivism. *1*

7. The most unique feature of the Harappan cities was the development of _________. *1*

8. How do you think Francois Bernier was closely associated with the Mughal Court ? *1*

9. According to epigraphic evidence, who among the following founded the Vijayanagara empire ? *1*

   (A) Sultans of Deccan

   (B) Gajapati rulers of Orissa

   (C) Harihara and Bukka

   (D) Cholas of Tamil Nadu

10. Read the following statements :

   I. Krishnadeva Raya's rule was characterised by expansion and consolidation.

   II. There was peace and prosperity in his empire.

   III. He was credited with building some fine temples.

   IV. He belonged to the Sangama dynasty.

   Which of the above statements are related to Krishnadeva Raya ? *1*

   (A) Only I

   (B) I, II and III

   (C) II, III and IV

   (D) I, III and IV

11. Which one of the following statements regarding Akbar is ***not*** correct ? *1*

   (A) Akbar was the devotee of Shaikh Muinuddin Chishti.

   (B) Akbar expanded and consolidated his empire.

   (C) He constructed Ibadat Khana due to his quest for religious knowledge.

   (D) He had cordial relations with Safavids over Qandahar.

12. Name the capital of Ibrahim Lodhi which was taken over by Babur in 1526. *1*

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**13.** *हुमायूँनामा* का लेखक कौन था ? *1*

**अथवा**

*बादशाहनामा* का लेखक कौन था ? *1*

**14.** अल-बिरूनी द्वारा भारत के धर्म, दर्शन, खगोल-विज्ञान तथा क़ानून पर लिखी पुस्तक का नाम लिखिए । *1*

**15.** उस विदेशी यात्री का नाम लिखिए, जिसे मुहम्मद बिन तुगलक ने दिल्ली का क़ाजी या न्यायाधीश कई वर्षों के लिए नियुक्त किया । *1*

**16.** *अभिकथन (A) :* कॉंग्रेस पार्टी ने 'दो राष्ट्र सिद्धान्त' को कभी स्वीकार नहीं किया था, जब उसे अपनी इच्छा के विरुद्ध बँटवारे पर मंज़ूरी देनी पड़ी ।

*कारण (R) :* भारत बहुत सारे धर्मों और बहुत सारी जातियों का देश है और उसे ऐसे ही बनाए रखना चाहिए ।

उपर्युक्त अभिकथन (A) और कारण (R) का अध्ययन कीजिए और बताइए कि निम्नलिखित में से कौन-सा सही है : *1*

(A) (A) सही है, परन्तु (R) सही नहीं है ।

(B) (A) सही नहीं है, परन्तु (R) सही है ।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(D) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

**17.** 'रॉलट एक्ट' क्या था ? *1*

**18.** किस स्थिति में वाजिद अली शाह के युवा बेटे बिरजिस क़द्र को अवध में विद्रोह का नेता घोषित कर दिया गया ? *1*

**19.** निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए : *1*

I. कैबिनट मिशन

II. संविधान सभा में प्रस्तावित "उद्देश्य प्रस्ताव"

III. 1935 का भारत सरकार का अधिनियम

IV. कलकत्ता की बर्बर हिंसा

इन घटनाओं का सही कालानुक्रम है :

(A) I, IV, III, II

(B) III, I, IV, II

(C) I, III, II, IV

(D) II, I, III, IV

**20.** सहायक संधि के निम्नलिखित प्रावधानों में से कौन-सा एक अवध पर 1801 में लागू ***नहीं*** था ? *1*

(A) अंग्रेज़ अपने सहयोगी पक्ष की आन्तरिक और बाहरी चुनौतियों से रक्षा के लिए उत्तरदाई होंगे ।

(B) सहयोगी पक्ष के भूक्षेत्र में ब्रिटिश सैनिक टुकड़ी तैनात रहेगी ।

(C) सहयोगी पक्ष को उस ब्रिटिश सैनिक टुकड़ी के रखरखाव की व्यवस्था करनी होगी ।

(D) अंग्रेज़ों की अनुमति के बिना सहयोगी पक्ष किन्हीं अन्य शासकों के साथ संधि कर सकेगा ।



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**13.** Who was the author of *Humanyun Nama* ? *1*

**OR**

Who was the author of *Badshah Nama* ? *1*

**14.** Name the book written by Al-Biruni on religion, philosophy, astronomy and laws of India. *1*

**15.** Name the foreign traveller who was appointed as qazi or judge of Delhi by Muhammad Bin Tughlaq for several years. *1*

**16.** *Assertion (A) :* The Congress Party never accepted the 'two-nation theory' when forced against its will to accept partition.

*Reason (R) :* India is a land of many religions and races and must remain so.

Study the above Assertion (A) and Reason (R) and find out which one of the following is correct : *1*

(A) (A) is true, but (R) is not true.
(B) (A) is not true, but (R) is true.
(C) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(D) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

**17.** What was the 'Rowlatt Act' ? *1*

**18.** What made Birjis Qadr, the young son of Wajid Ali Shah become the leader of the revolt in Awadh ? *1*

**19.** Consider the following events : *1*

I. Cabinet Mission
II. "Objective Resolution" in the Constituent Assembly
III. The Government of India Act, 1935
IV. The Great Calcutta Killing

The correct chronological order of these events is :

(A) I, IV, III, II
(B) III, I, IV, II
(C) I, III, II, IV
(D) II, I, III, IV

**20.** Which one of the following provisions of Subsidiary Alliance was ***not*** applicable on Awadh in 1801 ? *1*

(A) The British would be responsible for protecting their ally from internal and external threats.
(B) The British contingent would be stationed in the territory of the ally.
(C) The ally would provide resources to maintain the British contingent.
(D) The ally was free to enter into agreements with other rulers without the permission of the British.

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

## खण्ड ख

*3×4=12*

**21.** हड़प्पा के शहरों की गृह स्थापत्य कला का वर्णन कीजिए । *3*

**22.** विजयनगर शहर के लिए जल के स्रोतों का विश्लेषण कीजिए । *3*

**23.** "स्वराज के लिए हिन्दू, मुसलमान, पारसी और सिख, सबको एकजुट होना पड़ेगा ।" गाँधीजी के इस कथन को असहयोग आंदोलन के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए । *3*

**24.** उन परिस्थितियों का विश्लेषण कीजिए, जिनके अन्तर्गत अंग्रेज़ अधिकारियों ने उन्नीसवीं शताब्दी में संथालों को राजमहल की पहाड़ियों की परिधि में बसने के लिए आमंत्रित किया था । *3*

**अथवा**

अठारहवीं शताब्दी के अंत के दशकों में राजमहल की पहाड़ियों के पहाड़ी लोगों की आर्थिक और सामाजिक दशाओं का विश्लेषण कीजिए । *3*

downloaded from StudentSuvidha.com

## खण्ड ग

*8×3=24*

**25.** महाजनपदों की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए और सबसे शक्तिशाली जनपद के रूप में मगध की व्याख्या कीजिए । *4+4=8*

**अथवा**

मौर्य प्रशासन की मुख्य विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए और अशोक के 'धम्म' के सिद्धांतों की व्याख्या कीजिए । *5+3=8*

**26.** मुग़लकालीन भारत में कृषि समाज में महिलाओं की भूमिका का वर्णन कीजिए । *8*

**अथवा**

मुग़ल साम्राज्य की भू-राजस्व प्रणाली का वर्णन कीजिए । *8*

**27.** अठारहवीं और उन्नीसवीं सदियों के दौरान औपनिवेशिक शहरों में लोगों के सामाजिक जीवन में आए परिवर्तनों की परख कीजिए । *8*

**अथवा**

औपनिवेशिक शासन के दौरान जनगणना करने की प्रक्रिया और जनगणना के बारे में भ्रमों की परख कीजिए । *4+4=8*


Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

## SECTION B *3×4=12*

**21.** Describe the domestic architecture of Harappan cities. *3*

**22.** Analyse the sources of water for the city of Vijayanagara. *3*

**23.** "For Swaraj, Hindus, Muslims, Parsis and Sikhs will have to unite." Explain this statement of Gandhiji in the context of Non-Cooperation Movement. *3*

**24.** Analyse the circumstances under which the British officials invited Santhals to settle in the peripheries of Rajmahal hills during the nineteenth century. *3*

**OR**

Analyse the economic and social conditions of the Paharias (hill folk) of Rajmahal hills during the late eighteenth century. *3*

downloaded from StudentSuvidha.com

## SECTION C *8×3=24*

**25.** Explain the characteristics of Mahajanapadas and explain Magadha as the most powerful Mahajanapada. *4+4=8*

**OR**

Explain the main features of the Mauryan administration and explain the principles of Ashoka's 'Dhamma'. *5+3=8*

**26.** Describe the role of women in agararian society during the Mughal India. *8*

**OR**

Describe the land revenue system of the Mughal empire. *8*

**27.** Examine the changes that came in the social life of the people in colonial cities during 18$^{th}$ and 19$^{th}$ centuries. *8*

**OR**

Examine the process of census operation and the suspicions about census during colonial rule. *4+4=8*



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

## खण्ड घ

6×3=18

**28.** निम्नलिखित स्रोत का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**"एक गोली भी नहीं चलायी गयी"**

मून ने जो लिखा :

24 घंटे से भी ज़्यादा वक़्त तक दंगाई भीड़ को इस विशाल व्यावसायिक शहर में बेरोक-टोक तबाही फैलाने दी गई । बेहतरीन बाज़ारों को जलाकर राख कर दिया गया जबकि उपद्रव फैलाने वालों के ऊपर एक गोली भी नहीं चलाई गयी । ...ज़िला मजिस्ट्रेट ने अपने (विशाल पुलिस) बल को शहर में मार्च का आदेश दिया और उसका कोई सार्थक इस्तेमाल किए बिना वापस बुला लिया... ।

(28.1) प्रशासनिक व्यवस्था के समाप्त हो जाने के कारणों की परख कीजिए । 2

(28.2) हालत को नियंत्रित करने के लिए अंग्रेज़ अधिकारी कोई कदम क्यों नहीं उठा सके ? 2

(28.3) क्या आप यह सोचते हैं कि ज़िला मजिस्ट्रेट की भूमिका न्यायसंगत थी ? 2

**29.** निम्नलिखित स्रोत का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**"उचित" सामाजिक कर्तव्य**

महाभारत के *आदिपर्वन्* से एक कहानी उद्धृत है :

एक बार ब्राह्मण द्रोण के पास, जो कुरु वंश के राजकुमारों को धनुर्विद्या की शिक्षा देते थे, एकलव्य नामक वनवासी निषाद (शिकारी समुदाय) आया । द्रोण ने जो धर्म समझते थे, उसे शिष्य के रूप में स्वीकार करने से मना कर दिया । एकलव्य ने वन में लौट कर मिट्टी से द्रोण की प्रतिमा बनाई तथा उसे अपना गुरु मान कर वह स्वयं ही तीर चलाने का अभ्यास करने लगा । समय के साथ वह तीर चलाने में सिद्धहस्त हो गया । एक दिन कुरु राजकुमार अपने कुत्ते के साथ जंगल में शिकार करते हुए एकलव्य के समीप पहुँच गए । कुत्ता काले मृग की चमड़ी के वस्त्र में लिपटे निषाद को देखकर भौंकने लगा । क्रोधित होकर एकलव्य ने एक साथ सात तीर चलाकर उसका मुँह बंद कर दिया । जब वह कुत्ता लौटा तो पांडव तीरंदाज़ी का यह अद्भुत दृश्य देखकर आश्चर्यचकित हो गए । उन्होंने एकलव्य को तलाशा, उसने स्वयं को द्रोण का शिष्य बताया ।

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

## SECTION D

*6×3=18*

**28.** Study the following source carefully and answer the questions that follow :

**"Without a shot being fired"**

This is what Moon wrote :

> For over twenty-four hours riotous mobs were allowed to rage through this great commercial city unchallenged and unchecked. The finest bazaars were burnt to the ground without a shot being fired to disperse the incendiaries (i.e. those who stirred up conflict). The ... District Magistrate marched his (large police) force into the city and marched it out again without making any effective use of it at all ...

(28.1) Examine the causes for the collapse of the administrative system. *2*

(28.2) Why could the British officials not take any action to control the situation ? *2*

(28.3) Do you think the role of the District Magistrate was justified ? *2*

downloaded from StudentSuvidha.com

**29.** Study the following source carefully and answer the questions that follow :

**"Proper" social roles**

Here is a story from the *Adi Parvan* of the *Mahabharata* :

> Once Drona, a Brahmana who taught archery to the Kuru princes, was approached by Ekalavya, a forest-dwelling *nishada* (a hunting community). When Drona, who knew the *dharma,* refused to have him as his pupil, Ekalavya returned to the forest, prepared an image of Drona out of clay, and treating it as his teacher, began to practise on his own. In due course, he acquired great skill in archery. One day, the Kuru princes went hunting and their dog, wandering in the woods, came upon Ekalavya. When the dog smelt the dark *nishada* wrapped in black deer skin, his body caked with dirt, it began to bark. Annoyed, Ekalavya shot seven arrows into its mouth. When the dog returned to the Pandavas, they were amazed at this superb display of archery. They tracked down Ekalavya, who introduced himself as a pupil of Drona.



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

द्रोण ने अपने प्रिय शिष्य अर्जुन से एक बार यह कहा था कि वह उनके सभी शिष्यों में अद्वितीय तीरंदाज़ बनेगा । अर्जुन ने द्रोण को उनका यह प्रण याद दिलाया । द्रोण एकलव्य के पास गए जिसने उन्हें अपना गुरु मानकर प्रणाम किया । तब द्रोण ने गुरु दक्षिणा के रूप में एकलव्य से उसके दाहिने हाथ का अँगूठा माँग लिया । एकलव्य ने फ़ौरन गुरु को अपना अँगूठा काट कर दे दिया । अब एकलव्य तीर चलाने में उतना तेज़ नहीं रहा । इस तरह द्रोण ने अर्जुन को दिए वचन को निभाया : कोई भी अर्जुन से बेहतर धनुर्धारी नहीं रहा ।

(29.1) द्रोण ने एकलव्य को अपना शिष्य स्वीकार करने से क्यों मना कर दिया ? *2*

(29.2) एकलव्य ने तीर चलाने की उत्तम कुशलता कैसे प्राप्त की ? *2*

(29.3) एकलव्य ने अपने-आप को पांडवों के समक्ष द्रोण का शिष्य होने का परिचय क्यों दिया ? *2*

**30.** निम्नलिखित स्रोत का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**मुग़ल शहज़ादी जहाँआरा की तीर्थयात्रा 1643**

निम्नलिखित गद्यांश जहाँआरा द्वारा रचित शेख मुइनुद्दीन चिश्ती की जीवनी *मुनिस-अल-अखाह* (यानी आत्मा का विश्वस्त) से लिया गया है :

अल्लाहताला की तारीफ़ के बाद... यह *फकीरा* जहाँआरा... राजधानी आगरा से अपने पिता (बादशाह शाहजहाँ) के संग पाक और बेजोड़ अजमेर के लिए निकली... मैं इस बात के लिए वायदापरस्त थी कि हर रोज़ और हर मुकाम पर मैं दो बार की अख़्तियारी नमाज़ अदा करूँगी... बहुत दिन... मैं रात को बाघ के चमड़े पर नहीं सोई और अपने पैर मुकद्दस दरगाह की तरफ नहीं फैलाए, न ही मैंने अपनी पीठ उनकी तरफ की । मैं पेड़ के नीचे दिन गुज़ारती थी ।

वीरवार को रमज़ान के मुकद्दस महीने के चौथे रोज़ मुझे चिराग और इतर में डूबे दरगाह की ज़ियारत की खुशी हासिल हुई... चूँकि दिन की रोशनी की एक छड़ी बाकी थी मैं दरगाह के भीतर गई और अपने जर्द चेहरे को उसकी चौखट की धूल से रगड़ा । दरवाज़े से मुकद्दस दरगाह तक मैं नंगे पाँव वहाँ की ज़मीन को चूमती हुई गई । गुम्बद के भीतर रोशनी से भरी दरगाह में मैंने मज़ार के चारों ओर सात फेरे लिए । आख़िर में अपने हाथों से मुकद्दस दरगाह पर मैंने सबसे उम्दा इतर छिड़का । चूँकि गुलाबी दुपट्टा जो मेरे सिर पर था, मैं उतार चुकी थी इसलिए उसे मैंने मुकद्दस मज़ार के ऊपर रखा ।...

(30.1) जहाँआरा ने शेख के प्रति अपना विश्वास और भक्ति को किस प्रकार दर्शाया ? *2*

(30.2) उसने दरगाह को एक विशिष्ट तीर्थ और श्रद्धा का स्थल क्यों माना ? *2*

(30.3) उसने किस प्रकार दरगाह पर अपना सम्मान प्रकट किया ? *2*


downloaded from StudentSuvidha.com
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

Drona had once told his favourite student Arjuna, that he would be unrivalled amongst his pupils. Arjuna now reminded Drona about this. Drona approached Ekalavya, who immediately acknowledged and honoured him as his teacher. When Drona demanded his right thumb as his fee, Ekalavya unhesitatingly cut it off and offered it. But thereafter, when he shot with his remaining fingers, he was no longer as fast as he had been before. Thus, Drona kept his word : no one was better than Arjuna.

(29.1) Why did Drona refuse to accept Ekalavya as his pupil ? *2*

(29.2) How did Ekalavya acquire the supreme skill of archery ? *2*

(29.3) Why did Ekalavya introduce himself to the Pandavas as a pupil of Drona ? *2*

**30.** Study the following source carefully and answer the questions that follow :

**The pilgrimage of the Mughal princess Jahanara, 1643**

The following is an excerpt from Jahanara's biography of Shaikh Muinuddin Chishti, titled *Munis al-Arwah* (The Confidant of Spirits) :

After praising the one God ... this lowly *faqira* (humble soul) Jahanara ... went from the capital Agra in the company of my great father (Emperor Shah Jahan) towards the pure region of incomparable Ajmer ... I was committed to this idea, that everyday in every station I would perform two cycles of optional prayer ... .

For several days ... I did not sleep on a leopard skin at night, I did not extend my feet in the direction of the blessed sanctuary of the revered saving master, and I did not turn my back towards him. I passed the days beneath the trees.

On Thursday, the fourth of the blessed month of Ramzan, I attained the happiness of pilgrimage to the illuminated and the perfumed tomb ... . With an hour of daylight remaining, I went to the holy sanctuary and rubbed my pale face with the dust of that threshold. From the doorway to the blessed tomb I went barefoot, kissing the ground. Having entered the dome, I went around the light-filled tomb of my master seven times ... Finally, with my own hand I put the finest quality of *itar* on the perfumed tomb of the revered one, and having taken off the rose scarf that I had on my head, I placed it on the top of the blessed tomb ...

(30.1) How did Jahanara exhibit her faith and devotion to the Shaikh ? *2*

(30.2) Why did she consider Dargah as a special place of pilgrimage and reverence ? *2*

(30.3) How did she pay her obeisance at the Dargah ? *2*



downloaded from StudentSuvidha.com
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

## खण्ड ङ

**(मानचित्र आधारित प्रश्न)** ***1×6=6***

**31.** (31.1) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 19 पर) में, निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *1+1+1=3*

(i) नागेश्वर – एक विकसित हड़प्पाई पुरास्थल

**अथवा**

अमरावती – एक बौद्ध स्थल

(ii) पानीपत – मुग़लों के अधीन प्रान्त

(iii) अमृतसर **अथवा** चम्पारन – राष्ट्रीय आंदोलन का केन्द्र

(31.2) **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र में, तीन स्थानों को A, B और C से दर्शाया गया है जो 1857 के दौरान अंग्रेज़ों के नियंत्रण में थे । उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए । *1×3=3*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्र. सं. 31 के स्थान पर हैं :*

(31.1) किन्हीं तीन विकसित हड़प्पाई पुरास्थलों का उल्लेख कीजिए । *1×3=3*

**अथवा**

1857 के विद्रोह के किन्हीं तीन केन्द्रों का उल्लेख कीजिए । *1×3=3*

(31.2) राष्ट्रीय आंदोलन के किन्हीं तीन केन्द्रों के नाम लिखिए । *1×3=3*

StudentSuvidha.com downloaded from



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

## SECTION E

**(Map Based Question)** *1×6=6*

**31.** (31.1) On the given political outline map of **India** (on page 19), locate and label the following with appropriate symbols : *1+1+1=3*

(i) Nageshwar – A mature Harappan site

**OR**

Amaravati – A Buddhist site

(ii) Panipat – A territory under the Mughals

(iii) Amritsar **OR** Champaran – A centre of national movement

(31.2) On the same political outline map of **India**, three places have been marked as A, B and C, which were under the British control during 1857. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them. *1×3=3*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Q. No. 31 :*

(31.1) Mention any three mature Harappan sites. *1×3=3*

**OR**

Mention any three centres of Revolt of 1857. *1×3=3*

(31.2) Name any three centres of National Movement. *1×3=3*

downloaded from StudentSuvidha.com




Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

प्रश्न सं. 31.1 और 31.2 के लिए

For question no. 31.1 and 31.2




downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com